लापरवाही | शासकीय विद्यालय कुम्हारी में शिक्षकों की मनमानी

# हाजिरी लगाकर शिक्षक स्कूल से हो जाते हैं नदारद

**कुम्हारी नवभारत 28 जनवरी। शासकीय उच्चतर विद्यालय कुम्हारी में शिक्षकों की अनियमिताएं नजर आ रही हैं। यहां के शिक्षक स्कूल आकर हाजिरी तो लगाते है, लेकिन इसके बाद स्कूल में नजर ही नहीं आते।**

बोर्ड परीक्षाओं का समय नजदीक आ रहा है और शिक्षकों का यह रवैया विद्यार्थियों का भविष्य खराब कर सकता है। कक्षा 9 से 12वीं तक की कक्षाओं का इस स्कूल में संचालन हो रहा है। स्कूल में 1005 छात्र-छात्राएं दर्ज है। स्कूल की कक्षाएं शिक्षकविहीन नजर आ रही है। प्रभारी प्राचार्य परीक्षा संबंधी कार्य से बाहर गए है, जिसका गलत फायदा शिक्षक उठा रहे है। वे ऐसा कर विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे है।






### कारण बताओ नोटिस दिया जाएगा

शिक्षकों के अनुपस्थित रहने से विषय वार पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। इस संबंध में प्रभारी प्राचार्य भरत सिंह लोधी ने कहा कि जो शिक्षक नदारद है उन्हें कारण बताओ नोटिस दिया जाएगा। ऑनलाइन अटेंडेंस डालने के बाद विद्यालय से चले जाना बड़ी लापरवाही है। परीक्षा का सत्र नजदीक है ऐसे में छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होना दुर्भाग्यपूर्ण है।

### अधिकांश स्कूलों का यही हाल है

संकुल केन्द्र कुम्हारी से जुड़े अधिकांश स्कूल, जहां एक शिक्षक या दूरदराज के स्कूल, जहां अधिकारी नहीं जाते, वहां का भी आलम ऐसा ही बना रहता है। शिक्षक हाजिरी लगा चले जाते हैं। इसके अलावा वनांचल के विद्यालयों का भी यही हाल है। यहां भी शिक्षक गायब हो जाते हैं।



## साध्वी सरस्वती देवी का आगमन आज

नवभारत,दमोह. साध्वी सरस्वती देवी का आगमन आज राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं कथावाचक साध्वी सरस्वती देवी का आगमन आज 29 जनवरी को पॉलिटेक्निक ग्राउंड जबलपुर नाका में होने वाले नगर के विराट हिंदू सम्मेलन में होगा जहां साध्वी का ओजस्वी उद्बोधन होगा।

## राज्यमंत्री लोधी ने घंटाघर पर दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट का किया वितरण



**नवभारत,दमोह. प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी ने घंटाघर पर दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट का वितरण किया।** उन्होंने कहा की सभी दो पहिया वाहन चालक अनिवार्य रूप से हेलमेट का उपयोग करें और अपने परिवार तथा अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करे। इस अवसर पर विधायक जयंत कुमार मलैया, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे और अन्य जनप्रतिनिधिगण, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।इसी अवसर पर राज्यमंत्री श्री लोधी और विधायक जयंत कुमार मलैया ने पॉलिथीन के पैकेट को हतोत्साहित करने के लिए जन जागरूकता के लिए उद्यमिता विकास केंद्र बालिकाओं द्वारा बनाए गए कपड़े के थैलों का वितरण किया गया और आम जनों से पॉलिथीन के उपयोग को ना और कपड़े के थैले के उपयोग करने की समझाइए देते हुए ऐसे आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

## श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस परीक्षित के प्राकट्य का किया भावपूर्ण वर्णन






नवभारत,दमोह.शहर के असाटी वार्ड स्थित संस्कार भवन में असाटी समाज दमोह के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताहिक कथा के द्वितीय दिवस बुधवार को कथावाचक श्रद्धेय नीरज नयन महाराज ने भागवत कथा का विस्तारपूर्वक व भावपूर्ण वर्णन किया.महाराज ने बताया कि श्रीमद् भागवत महापुराण में विशेष रूप से तीन प्रमुख संवाद हैंकृसूत व शौनक संवाद, व्यास व नारद संवाद तथा परीक्षित एवं सुखदेव संवाद। इन तीनों संवादों के अंतर्गत तीन महान देवियों के चरित्रों का वर्णन आता है, जिनमें माता कुंती, माता द्रौपदी एवं माता उत्तरा सम्मिलित हैं। तीनों देवियों ने अत्यंत गहरे भाव से भगवान की उपासना व आराधना की।महाराज ने विशेष रूप से माता कुंती की स्तुति का वर्णन करते हुए कहा कि कुंती की प्रार्थना अत्यंत भावपूर्ण एवं विलक्षण है। माता कुंती ने भगवान श्रीकृष्ण से केवल एक ही याचना की थी। उन्होंने भगवान से प्रार्थना करते हुए कहा कि हे ईश्वर, यदि आप मुझ पर प्रसन्न हैं तो कृपा करके मुझे जीवन में बार-बार दु:ख प्रदान करें, क्योंकि जब-जब जीवन में विपत्ति आती है, तब-तब आपकी स्मृति होती है। और जब आपकी स्मृति होती है, तब मनुष्य के जीवन में सच्चे आनंद की अनुभूति होती है। ऐसी भावपूर्ण स्तुति माता कुंती के पावन चरित्र को दर्शाती है।कथा क्रम में महाराज ने बताया कि इसके उपरांत भगवान श्रीकृष्ण का द्वारिका गमन होता है। तत्पश्चात राजा परीक्षित जी का प्राकट्य होता है तथा उनका नामकरण संस्कार संपन्न होता है। इसके बाद राजा परीक्षित को राज्य गद्दी सौंप दी जाती है।



### श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

नवभारत,हिडोरिया/दमोह. नगर के वार्ड नंबर 3 में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन कथावाचक के द्वारा भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाएं,पूतना वध,गोवर्धन लीला एवं कलिया मर्दन की कथा का प्रशंग सुनाया गया जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कथा वाचक पंडित रघुनाथ दास रोहित नारायण मिश्रा ने कहा कि अहंकार विनाश का कारण है और संस्कार जीवन का आधार है भगवान को अहंकार पसंद नहीं जब कोई अहंकार करता है तो वे खुद उसे दूर करने का काम करते है अहंकार में व्यक्ति वह बोलता है जो उसे नहीं बोलना चाहिए जिससे व्यक्ति का सर्वनाश निश्चित होता है उन्होंने आगे कहा कि जीवन में अहंकार मत पालो।

## देश के हालात पर की गई बिंदुवार चर्चा

### कुम्हारी में विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित



**कुम्हारी नवभारत 28 जनवरी। नगर में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। आरएसएस के निर्देशन में आयोजित सम्मेलन में भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ पूजन किया गया।**

सम्मेलन में उपस्थिति ग्रामीण और जनप्रतिनिधियों का तिलक लगाकर अभिवादन किया गया। इस दौरान बौद्धिक प्रबोधन प्रवक्ता के रूप में जीवन, निरंन सिंह, पं. किशन खम्परिया ने समाज और देश में कैसे हालात निर्मित हो रहे उस पर बिंदुवार चर्चा की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम अपने नैतिक दायित्व का निर्वहन करें। अंत में भारत माता की आरती का गायन हुआ और प्रसाद वितरण किया गया।



## एक शाम वतन के नाम मुशायरे का आयोजन

**नवभारत,दमोह।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर दमोह शहर की सबसे पुरानी और सबसे बड़ी अदबी साहित्यिक बज़्म, बज़्मे अहसन की जानिब से एक खूबसूरत और बहुत ही शानदार महफ़िल-ए-मुशायरा आयोजित किया गया, जिसमें सभी शायरों/कवियों ने एक से बढ़कर देश प्रेम से ओतप्रोत अपनी रचनाएं सुनाकर समां बांध दिया और सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी शायरों की शायरी को बहुत ही मुहब्बतों से सुना गया और खूब सराहा गया। एक शाम वतन के नाम मुशायरे में हाफ़िज़ हनीफ़ नूरी, नदीम सुल्तान,सूफ़ी जलील सुल्तानी, शोएब ख़ान, मुस्तफ़ा अकमल,अयाज़ सुल्तानी, अब्दुल अनआम, एडवोकेट इरफ़ान उस्मानी, फ़ैसल रज़ा, साहिल दमोही, मौलाना इरफ़ान नूरी, अतीक़ रज़ा, मुनव्वर रज़ा (साजिद), अदीब दमोही, ताबिश नैयर, शकील जमाली, उस्ताद ताहिर दमोही, डॉ.रफ़ीक़ आलम सभी ने एक से बढ़कर एक अशआर सुनाकर माहौल में जान डाल दी और सभी सुनने वालों को दादो देने पर मजबूर कर दिया। सागर ज़िले से तशरीफ़लाये मेहमान शायर नईम माहिर ने बेहतरीन कलाम पढ़कर श्रोताओं को बहुत अधिक प्रभावित किया और खूब दाद बटोरी।प्रोग्राम का बहुत ही शानदार संचालन बज़्म के उपाध्यक्ष शकील अहमद ने किया।इस विशेष अवसर पर बज़्मे अहसन ने शहर की तमाम तंज़ीमों, वार्ड मेम्बर, वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवियों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया।

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की हार्दिक बधाई शुभकामनाएं
संजीव गोस्वामी
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत हटा

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की हार्दिक बधाई शुभकामनाएं
विक्रम सिंह चौहान
जनभागीदारी अध्यक्ष
डॉ आलोक जैन
प्राचार्य
पी.एम. श्री उत्कृष्ट महाविद्यालय दमोह

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की हार्दिक बधाई शुभकामनाएं
डॉ. जतिन दुबे
सीबीएमओ पथरिया
सौजन्य से-सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया

### एक नजर में



### विश्व कल्याण का सर्वश्रेष्ठ साधन है यज्ञ : प्राची देवी

नवभारत,पथरिया/दमोह. ग्राम बांसाकलां में चल रहे 27 कुंडीय 1008 श्री श्री मारुति महायज्ञ मे श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संयोग देखने को मिल रहा है उक्त आयोजन महंत रघुनन्दन गिरी महाराज जी के परम सानिध्य में चल रहा हैं,कथावाचक प्राची देवी ने कहा यज्ञ के बिना मानव जीवन निष्क्रिय है इससे समस्त भौतिक क्रियाओं का निष्पादन किया जा सकता है एवं यज्ञ से बल और बुद्धि,वैभव प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति में वसुधैव कुटुंबकम की आत्मा बसी होती है और उन्होंने कहा कि हमें समय-समय पर यज्ञ करना चाहिए प्रभु परम स्वरूप में जब आते हैं तो कहीं ना कहीं यज्ञ का प्रभाव अवश्य होता है।प्राची देवी जी ने कहा कि हर मनुष्य को अपने जीवन में 5 प्रकार के यज्ञ अवश्य करने चाहिये यज्ञ का अर्थ एक ऐसा अनुशासित कार्य है जिसका संपन्न होना सभी लोगों को लाभ प्रदान करने वाला होगा



### हिन्दी लेखिका संघ दमोह का काव्यांजलि कार्यक्रम

नवभारत,दमोह .गणतंत्र दिवस पर हिन्दी लेखिका संघ दमोह का काव्यांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुष्पा चिले ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ प्रेमलता नीलम रहीं। मां सरस्वती के पूजन, वंदना के उपरांत कवयित्रियों ने देश भक्ति से ओत-प्रोत रचनाओं की बौछार कर सबको गदगद कर दिया। पुष्पा चिले सीमा पर जो अडिग हों,प्राण करें आहूत। भारत मां के लाड़ले, बाके वीर सपूत। डॉ प्रेमलता नीलम तिरंगा देश की शान है लहराता रहेगा, यही देश का सम्मान है। मंजु राजपूत स्वतंत्रता का भाव को, रखिए सुतंत्र भी। जन गण का भी यही, हवज जय गान है।




### प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान

नवभारत,दमोह. गणतंत्र दिवस का पर्व नगर के हाई स्कूल में हर्षौल्लाश के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहू समाज के अध्यक्ष कमल प्रसाद साहू रहे मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजा रोहण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गान से हुई इसके बाद जुनियर सीनियर कक्षाओं के छात्र छात्राओं ने देश भक्ति से ओत प्रोत नृत्य,गीत, नाटक और सामूहिक प्रस्तुतियां पेश की इनकी प्रस्तुतियों से उपस्थित लोगों को मंतमुग्गद कर दिया संस्कृत कार्यक्रम के बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन करने भले छात्रों को पुरस्कार देकर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया।

## ग्राम आमचोपरा में मुरम का अवैध उत्खनन

### परिवहन पर खनिज विभाग ने की कार्रवाई



**नवभारत,दमोह. जिले में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिए गए निर्देशन मे खनिज विभाग द्वारा खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के रोकथाम की कारवाई लगातार जारी हैं। दमोह तहसील अन्तर्गत ग्राम आमचोपरा (बायपास) मे मुरम का अवैध उत्खनन एवं परिवहन की जांच खनिज अमला द्वारा किया गया।** उक्त ग्राम मे दस चक्का डम्पर द्वारा बिना रायल्टी मुरम का अवैध परिवहन किया जाना पाया गया जिसे जप्त कर पुलिस थाना कोतवाली दमोह मे सुरक्षार्थ सुपुर्द किया गया हैं।

खनिज अधिकारी श्री कमलेश ने बताया प्रकरण मे खनिज नियमो के तहत कारवाई प्रस्तावित की जायेगी। जिले मे खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के रोकथाम की कारवाई सतत जारी रहेगी।



### भारत पर्व पर बुंदेली देशभक्ति गीत व बधाई लोकनृत्य की रंगारंग प्रस्तुति

**नवभारत,दमोह.** स्वराज संस्थान, संस्कृति विभाग,जिला प्रशासन और जनसंपर्क विभाग के संयुक्त तत्वाधान में लोकतंत्र का लोक उत्सव भारत पर्व दमोह के पीएम श्री एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास व धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर व अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा कला का प्रदर्शन करने वाले कलाकारों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रीति कमल ठाकुर, डॉ.आलोक गोस्वामी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मालती असाटी, नरेन्द्र बजाज एवं श्रीमती बजाज, नर्मदा सिंह एकता,अपर कलेक्टर मीना मसराम,सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम आरएल बागरी, डिप्टी कलेक्टर रचना प्रजापति, नगर पुलिस अधीक्षक एचआर पाण्डे सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी, गणमान्य नागरिक मौजूद थे। इस अवसर पर धनंजय नागर (जिम्मी) भोपाल द्वारा देशभक्ति गीत,मनीष यावव यागर द्वारा बरेदी, बधाई लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी.

बैठक | कलेक्ट्रेट में बनी नई समन्वय शाखा

## ब्लैक स्पॉट सुधार पर तेज़ी से काम होंगे प्रारंभ

**नवभारत,दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा कि जिला प्रशासन का निरंतर प्रयास है कि सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय और संवाद बना रहे। इसी उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी व वनमण्डलाधिकारी ईश्वर जरांडे के साथ मिलकर यह व्यवस्था बनाई गई है कि विभागीय समन्वय बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएँ। इस पहल को मजबूत करने के लिए कलेक्ट्रेट में समन्वय शाखा के नाम से एक नई शाखा की स्थापना की गई है।उन्होंने बताया कि पिछली समन्वय बैठक सितंबर माह में हुई थी, जबकि आज पुन: व्यापक स्तर पर बैठक आयोजित की गई।**



बैठक में राजस्व, वन, पुलिस, स्वास्थ्य, आबकारी, परिवहन तथा निर्माण से जुड़े विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की गई और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।इस अवसर पर जिला सड़क सुरक्षा एवं यातायात समिति की बैठक भी संपन्न हुई। बैठक में जिले के 14 ब्लैक स्पॉट से संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जो मैनिट भोपाल से प्राप्त हुई है। मैनिट के प्रोफेसर एवं उनकी टीम ने मौके पर उपस्थित सभी अधिकारियों के समक्ष विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया। रिपोर्ट के आधार पर प्रशासन ने तुरंत कार्यवाही प्रारंभ कर दी है, ताकि ब्लैक स्पॉट को सुरक्षित और सामान्य स्थिति में बदला जा सके।कलेक्टर श्री कोचर ने कहा एक अहम निर्णय लेते हुए सड़क निर्माण विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि मैनिट की रिपोर्ट में चिन्हित सभी त्रुटियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर दूर किया जाए। इसके अलावा अन्य विभिन्न रिपोर्टों पर भी गहन चर्चा की गई।बैठक में वन व राजस्व विभाग की भूमि सीमांकन, परिवहन, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागीय विषयों पर विचार-विमर्श हुआ और अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।उन्होंने कहा प्रशासन का प्रयास रहेगा कि ऐसी समन्वय बैठकें प्रत्येक माह आयोजित की जाएँ, ताकि योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन और जनहित में त्वरित समाधान सुनिश्चित हो सके।

जय हिंद, जय भारत
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
1. स्वच्छता सर्वेक्षण-2025 में सक्रिय भागीदारी निभायें।
2. गीला सूखा कचरा पृथक-पृथक डिब्बे में रखे।
3. नगर पालिका की डोर टू डोर कचरा वाहनों में कचरा डालें।
4. कचरा सड़क पर न फेकें।
5. पालीथिन का उपयोग न करें।
6. सम्पत्ति कर, जलकर, उपभोक्ता प्रभार समय से जमा करें।
7. नलों में टोटिया लगायें पानी व्यर्थ न बहाये।
कमलरानी अहिरवार
अध्यक्ष नगर परिषद
दीपक ताम्रकार
उपाध्यक्ष नगर परिषद
प्रेम सिंह चौहान
मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका पटेरा
सौजन्य- नगर परिषद, पटेरा